भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3180**

(जिसका उत्तर, सोमवार, 15 मार्च, 2021/24 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाना है)

**वित्तीय पैकेज**

**3180. श्री मनीश तिवारी:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोविड-19 के मद्देनजर अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए सरकार द्वारा घोषित और परिचालित वित्तीय पैकेज की कुल धनराशि कितनी है;

(ख) उक्त पैकेज के मौद्रिक घटक की वास्तविक मात्रा कितनी है;

(ग) अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा दिए गए वित्तीय प्रोत्साहन से भारतीय वित्तीय प्रोत्साहन की किस प्रकार तुलना की जा सकती है;

(घ) उक्त पैकेजों का वास्तविक मौद्रिक घटक क्रमशः कितना है;

(ङ) भारतीय वित्तीय प्रोत्साहन ने किस सीमा तक भारतीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सहायता की है तथा क्षेत्र-वार परिमाणन का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या अमेरिका के नवनियुक्त राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित 1.9 ट्रिलियन डॉलर के प्रस्तावित प्रोत्साहन पैकेज का भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई प्रभाव पड़ेगा तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

**(क) से (घ):** भारत सरकार ने कोविड-19 से लड़ने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 13 मई, 2020 से 17 मई, 2020, 12 अक्टूबर, 2020 और 12 नवंबर, 2020 को आत्मनिर्भर भारत पैकेज (एएनबी) क्रमश: 1.0, 2.0 और 3.0 की घोषणा की थी। आरबीआई द्वारा किए गए उपायों सहित एएनबी के कुल वित्तीय निहितार्थ लगभग 27.1 लाख करोड़ रुपये अनुमानित थे, जो कुल जीडीपी की 13% से अधिक राशि है। इसके अतिरिक्त, कोरोना वायरस के विरुद्ध लड़ाई में गरीबों की मदद के लिए दिनांक 26.03.2020 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) के तहत 1.70 लाख करोड़ रुपये का राहत पैकेज भी घोषित किया था। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ (क) 1000/- रुपये की निर्मुक्ति-वृद्ध विधवाओं और दिव्यांग श्रेणी के लोगों के लिए 3 करोड़ प्रत्येक (ख) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कवर किए गए प्रत्येक परिवार के लिए नि:शुल्क 5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह खाद्यान्न तथा 1 किलो दाल का अतिरिक्त आबंटन। (ग) उज्जवला लाभार्थियों के लिए नि:शुल्क गैस सिलेंडर (घ) पीएमजेडीवाई महिला खाताधारकों के लिए 20.40 करोड़ (लगभग) हेतु तीन माह के लिए, 500 रुपये प्रतिमाह का अनुग्रह भुगतान। (ङ) स्वास्थ्य कामगारों के लिए व्यापक बीमा योजना (च) 15000 रुपये प्रतिमाह से नीचे आय वाले वेतनभोगी कर्मचारियों, जिन व्यवसायों में 100 से कम कामगार हैं तीन माह के लिए उनके पीएफ खातों में मासिक मजदूरी की 24 प्रतिशत की निर्मुक्ति जैसी योजनाएं शामिल हैं। अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका तथा द्वारा दिए गए वित्तीय प्रोत्साहन दर्शाने वाला विवरण और उनका मौद्रिक घटक **अनुबंध-I** पर है।

**(ङ) और (च):** सरकार द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन के फलस्वरूप अर्थव्यवस्था में तीव्र रिकवरी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 7.3% की वृद्धि में अपेक्षाकृत लघु संकुचन आया है और वित्तीय वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 0.4% की सकारात्मक जीडीपी वृद्धि **अनुबंध-II** में दी गई है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अतिरिक्त प्रोत्साहन (एई) में भारत सहित उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) के लिए व्यापारिक साझेदारों और पूंजी प्रवाह स्पिल-ओवरों के लिए अनुकूल होंगे चूंकि व्यवसाय के सेंटीमेंट में सुधार होता है और जोखिम तेज गति से बढ़ता है।

*****

**अनुबंध-I**

**15.03.2021 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3180 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

| 31 दिसंबर, 2020 तक कोविड-19 की प्रतिक्रिया में चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में घोषित अथवा किए गए प्रमुख सरकारी राजकोषीय उपायों की मात्रा | अतिरिक्त व्यय अथवा पूर्व निश्चित व्यय | त्वरित व्यय /आस्थगित राजस्व | तरलता समर्थन |
|---|---|---|---|
| **देश** | **बिलियन अमरीकी डॉलर** | | |
| फ्रांस | 198 | 63 | 405 |
| जर्मनी | 418 | - | 1054 |
| यूनाइटेड किंगडम | 441 | 9 | 437 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 3503 | 18 | 510 |
| ब्राज़ील | 118 | 39 | 88 |
| चीन | 711 | 232 | 193 |
| रूस | 42 | 6 | 22 |
| दक्षिण अफ्रीका | 16 | 3 | 12 |

**अनुबंध –II**

**15.03.2021 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3180 के भाग (ङ) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

| तालिका 1: सकल मूल्य जोड़ा (जीवीए) की तिमाही-वार वृद्धि और स्थिर (2011-12) मूल्यों (प्रतिशत) पर जीडीपी | | | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र | वित्त वर्ष 2020-21 | | |
| | पहली तिमाही | दूसरी तिमाही | तीसरी तिमाही |
| कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 3.3 | 3 | 3.9 |
| उद्योग | -35.9 | -3 | 2.7 |
| खनन और उत्खनन | -18 | -7.6 | -5.9 |
| विनिर्माण | -35.9 | -1.5 | 1.6 |
| बिजली, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाएं | -9.9 | 2.3 | 7.3 |
| निर्माण | -49.4 | -7.2 | 6.2 |
| सेवाएं | -21.4 | -11.3 | -1 |
| व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | -47.6 | -15.3 | -7.7 |
| वित्तीय, अचल संपत्ति और पेशेवर सेवाएं | -5.4 | -9.5 | 6.6 |
| सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | -9.7 | -9.3 | -1.5 |
| बुनियादी मूल्य पर जी.वी.ए. | -22.4 | -7.3 | 1 |
| बाजार भाव पर जी.डी.पी. | -24.4 | -7.3 | 0.4 |
| | | | |

| तालिका 2: जीडीपी की तिमाही वास्तविक समृद्धि और मांग घटक (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| घटक | वित्त वर्ष 2020-21 | | |
| | पहली तिमाही | दूसरी तिमाही | तीसरी तिमाही |
| कुल खपत व्यय | -20.0 | -13.6 | -2.2 |
| सरकारी खपत | 12.8 | -24.0 | -1.1 |
| निजी उपभोग | -26.3 | -11.3 | -2.4 |
| सकल निश्चित पूंजी निर्माण | -46.4 | -6.8 | 2.6 |
| वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात | -22.0 | -2.1 | -4.6 |
| माल और सेवाओं का आयात | -41.1 | -18.2 | -4.6 |
| बुनियादी मूल्य पर जी.वी.ए. | -22.4 | -7.3 | 1.0 |
| बाजार भाव पर जी.डी.पी. | -24.4 | -7.3 | 0.4 |

*****